राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

संख्या–41/2025

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने रामनवमी की शुभकामनाएँ दी

पटना, 05 अप्रैल, 2025 :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने भगवान श्रीराम के प्राकट्य दिवस रामनवमी के अवसर पर समस्त बिहारवासियों और देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

उन्होंने कहा है कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम सत्यनिष्ठा, न्याय, करूणा और साहस की प्रतिमूर्ति थे। उनका आदर्श जीवन हमें त्याग, सेवा और सदाचार का अनुपम संदेश देता है। हमें उनके द्वारा स्थापित जीवन मूल्यों को आत्मसात करते हुए विकसित और गौरवशाली भारत के निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देना चाहिए।

....